शाहजहाँपुरपुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य 16.04.2024

<u>थाना जलालाबाद पुलिस का सराहनीय कार्य,</u>

<u>जलालाबाद पुलिस को कार्यवाही के दौरान मिली बडी कामयाबी</u>

<u>आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थाना जलालाबाद पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड, 08 अवैध तंमचे तैयार तथा 02 अद्धबने एवं भारी मात्रा में तंमचे बनाने की सामग्री एवं बनाने के उपकरण सहित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।</u>

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों /वांछित/वारण्टी , अवैध शस्त्र एवं उसका निर्माण तथा बिक्री एवं अवैध हथियार का दुरूपोग को रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान के नेतृत्व मे लगातार की जा रही कार्यवाही के 01 सक्रिय अपराधी को अवैध शस्त्र , अर्धनिर्मित शस्त्र, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणो के साथ किया गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 15.04.2024 को रात्रि में थाना जलालाबाद पुलिस टीम को सूचना मिली कि **ग्राम रैपुरा से 04 किमी दूरी पर जंगल में 01 व्यक्ति अवैध शस्त्र का निर्माण कर रहा है।** सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दवीश देकर अभियुक्त <u>राकेश पुत्र शिवराम निवासी सिठोली नवादा थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर</u> को अवैध असलाह फैक्ट्री संचालित करते **समय रात्रि करीब 19.30 बजे** गिरफ्तार किया गया , मौके से 05 तमंचा 12 बोर चालू हालत मे , 03 अदद तमंचा 315 बोर चालू हालत मे , 02 अदद कारतूस (खोका) 12 बोर , 02 अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा, 07 अदद कारतूस खोका 315 बोर , एक अदद अदबना तमंचा 12 बोर , एक अदद तमंचा 315 बोर अदबना, 04 अदद बैरल 12 बोर, 06 अदद बैरल 32 बोर व 01 अदद बैरल 315 बोर , 02 अदद पत्ती लोहा व अवैध शस्त्र बनाने की सामग्री व उपकरण बरामद हुए। अभियुक्त राकेश के विरुद्ध थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 362/2024 धारा 5/25 A ACT** पंजीकृत करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरणः- पूछताछ पर अभियुक्त राकेश पुत्र शिवराम उपरोक्त ने बताया कि मैं यह काम काफी दिनों से कर रहा हूं। मेरे पास अन्य कोई काम नहीं है, तमंचे बेचकर ही अपने घर का खर्च चलाता हूं, इस समय चुनाव में तमंचें की मांग बढ गयी है , मैं एक तमंचा 3000-4000/रुपये तक में बेच देता हूं। मैं तमंचा ठीक करने का कार्य भी करता हूं यदि कोई व्यक्ति तमंचा ठीक कराने आता है तो उसके मैं 500/रुपये लेता हूं। साहब मुझसे गलती हो गयी मुझे मांफ कर दो, अब मैं यह काम कभी नहीं करूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

राकेश पुत्र शिवराम निवासी सिठोली नवादा थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरणः—

- मु0अ0सं0 362/2024 धारा 5/25 आयुध अधिनियम थाना जलालाबाद

अपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 176/2022 धारा 3/5/25 A ACT थाना मिर्जापुर
2. मु0अ0सं0 362/2024 धारा 5/25 A ACT थाना जलालाबाद

बरामदगी का विवरण

1. 05 अवैध तमंचा 12 बोर चालू हालत में
2. 03 अवैध अदद तमंचा 315 बोर चालू हालत में
3. 02 अदद कारतूस (खोका) 12 बोर
4. 02 अदद कारतूस 315 बोर जिन्दा
5. 07 अदद कारतूस खोका 315 बोर
6. एक अदद अद्धबना तमंचा 12 बोर
7. एक अदद तमंचा 315 बोर अद्धबना,
8. 04 अदद बैरल 12 बोर,
9. 06 अदद बैरल 32 बोर
10. 01 अदद बैरल 315 बोर
11. 02 अदद पत्ती लोहा बरामद
12. अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण (राजन पिन, 03 रेगमाल, 02 साइकिल की तीली, एक फूकनी, 02 किलों कोयला, 2 रेती कवर प्लास्टिक के , 01 पंखा , 01 छैनी, 01 वर्मा, 01 हथौडी, 2 सडासी, 01 आरी लोहे की, 01 बसूली, लकडी काटने वाली आरी, 01 शूम्मी, 01 पटरी, 01 लकडी की खडैल, 01 एंगेल लोहे की, लोहे के स्प्रिंग आदि)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरपाल सिंह बालियान थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
2. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
3. का0 2306 गौरव तौमर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
4. का0 1767 बिट्टू कुमार थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर
5. का0 1753 चन्द्रवीर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर